जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-25 | जयपुर, सोमवार, 5 जुलाई, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# किसानों को 11 हजार 418 करोड़ का बीमा क्लेम बांटा: कृषि मंत्री

## कृषि मंत्री ने प्रचार वाहनों को रवाना किया

जयपुर (नि.सं.)। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य में पिछले ढाई वर्षों में किसानों को 11 हजार 418 करोड़ रूपए का बीमा क्लेम बांटा गया है। कटारिया गुरूवार को यहां दुर्गापुरा स्थित कृषि प्रबंधन संस्थान से बीमा योजना के प्रचार वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद बोल रहे थे।

कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 69 लाख फसल पॉलिसियों के विरूद्ध किसानों को 11 हजार 418 करोड़ रूपए का बीमा क्लेम वितरित किया गया है। खरीफ-2020 तक के लगभग सभी बीमा क्लेमों का भुगतान कृषकों को किया जा चुका है। साथ ही रबी 2020-21 तक का राज्यांश प्रीमियम स्वीकृत किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक काश्तकारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कटारिया ने बताया कि राज्य स्तर से 38 प्रचार वाहनों को रवाना किया गया है जो सभी जिलों में फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसके अलावा जिला मुख्यालयों से भी 300 से अधिक प्रचार वाहनों को रवाना किया गया है। उन्होंने किसानों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह करते हुए कहा कि खरीफ-2021 के लिए फसल बीमा प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। खरीफ के लिए 14 फसलें अधिसूचित की गई है। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल के लिए किसान का प्रीमियम 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।



### केन्द्र सरकार से प्रीमियम अनुदान पर कैपिंग हटाने का आग्रह

कृषि मंत्री ने फसल बीमा सप्ताह के शुभारंभ कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रीमियम अनुदान पर लगाई गई कैपिंग को हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से खरीफ-2020 से 25 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत प्रीमियम दर की कैपिंग की गई है, जिससे वर्ष 2020-21 में राज्य को लगभग 200 करोड़ रूपए का अतिरिक्त वित्तीय भार वहन करना पड़ा है। उन्होंने इस कैपिंग को हटाकर प्रीमियम अनुदान पूर्व वर्षों की भांति 50-50 प्रतिशत के अनुपात में करने का आग्रह किया है। कटारिया ने कोविड महामारी के कारण राज्यों की कमजोर वित्तीय स्थिति को देखते हुए खरीफ-2021 के राज्यांश प्रीमियम के चुकारे में शिथिलता देने का भी अनुरोध किया।

**आईटी का इस्तेमाल बढ़ाने का आग्रह**

कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने फसल बीमा योजना में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम कर ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का इस्तेमाल बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान के 7 जिलों में फसल कटाई प्रयोग के लिए सेटेलाइट आधारित तकनीक का उपयोग कर इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. एसपी सिंह सहित विभागीय उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पीएम मोदी का संबोधन, कहा- कोरोना काल में डॉक्टरों की सेवा बेमिसाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के डॉक्टरों को संबोधित किया । उन्होंने कहा, डॉ बी. सी. रॉय की स्मृति में मनाया जाने वाला ये दिन हमारे डॉक्टर्स के, हमारी मेडिकल फ्रेटर्निटी के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक है। खासतौर पर



पिछले 1.5 साल में हमारे डॉक्टर्स ने जिस तरह देशवासियों की सेवा की है वह एक मिसाल है। पीएम ने कहा कि जब देश कोविड के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ रहा है, डॉक्टरों ने लाखों लोगों की जान बचाई है, कई डॉक्टरों ने अपने अथक प्रयासों में अपना बलिदान भी दिया है। मैं उन सभी आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अपनी सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले साल कोरोना की पहली लहर के दौरान हमने अपने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इस साल स्वास्थ्य सेवा के लिए 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटन है।



## जाहोता बना प्रदेश का पहला ''ओडीएफ प्लस'' ग्राम

जयपुर (हमारा वतन) पंचायत समिति जालसू में स्थित ग्राम जाहोता को राजस्थान का पहला ओडीएफ प्लस ग्राम घोषित कर दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत केन्द्र सरकार की टीम ने जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी श्रीमती पूजा पार्थ एवं अन्य अधिकारियों के साथ गुरूवार को ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन कार्यों एवं ग्राम पंचायत की स्वच्छता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ग्राम को ओडीएफ प्लस घोषित किए जाने की सहमति प्रकट की।

इसके बाद ग्राम पंचायत जाहोता द्वारा सभी अधिकारियों के समक्ष ग्राम पंचायत को ODF+ घोषित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। भारत सरकार के निदेशक स्वच्छ भारत मिशन डॉ0 अनुपमा, सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन आशीष साधु ने ग्राम पंचायत जाहोता का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी जिला परिषद जयपुर पूजा पार्थ, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपांशु सांगवान, अतिरिक्त राज्य प्रभारी अधिकारी पराग चौधरी, राज्य नोडल अधिकारी विजय कुमार शर्मा एवं नोडल प्रभारी जिला परिषद हरीश वर्मा भी मौजूद रहे। टीम ने ग्राम पंचायत जाहोता का सघन भ्रमण कर ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन के कार्यों एवं ग्राम पंचायत की स्वच्छता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, एवं अपनी ओर से ग्राम पंचायत जाहोता को ODF+ बताया।

भ्रमण के दौरान मौजूद विकास अधिकारी पंचायत समिति जालसू अमित शर्मा, सरपंच श्याम प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन पर पिछले 10 माह से लगातार रूप से कार्य कर रही है और इस कार्य में आम जनता का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत के प्रबुद्ध नागरिक, जन प्रतिनिधि एवं सहायक अभियन्ता संजय खण्डेलवाल भी मौजूद रहे।

# जयपुर में बनेगा विश्व का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

जयपुर (हमारा वतन) गुजरात के अहमदाबाद में बने मोटेरा स्टेडियम के बाद अब राजस्थान क्रिकेट अकादमी (RCA) जयपुर में बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने जा रहा है। इस स्टेडियम के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) ने आज 40 हेक्टेयर जमीन आरसीए के नाम की है, जिसकी लीज डीड शुक्रवार को RCA अध्यक्ष वैभव गहलोत को JDA के कमिश्नर गौरव गोयल ने सौंपी।



जयपुर शहर से करीब 30 K.M. दूर जयपुर-दिल्ली बाईपास पर चौंप में यह जमीन दी गई है। इस जमीन पर आरसीए इसी साल स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की योजना बना रहा है। स्टेडियम की डिजाइन का एक ड्राफ्ट भी आरसीए ने तैयार किया है। गहलोत ने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट पर आरसीएस 300 करोड़ रुपए खर्च करके स्टेडियम और अन्य दूसरी सुविधाएं विकसित करेगा।

**अहमदाबाद की क्षमता 1 लाख**

अहमदाबाद में बना मोटेरा स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख 10 हजार है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) की क्षमता एक लाख दर्शक है। ऐसे में मोटेरा दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। जयपुर में अगर ये स्टेडियम बनता है तो यह देश का दूसरा और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम बन जाएगा।

**एक क्रिकेट एकेडमी और दो प्रैक्टिस ग्राउंड भी बनेंगे**

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने बताया कि हम इस अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के प्रोजेक्ट का काम ढाई से तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य है। यह देश का दूसरा एवं विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम होगा। इसमें 75 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता विकसित की जाएगी। स्टेडियम का निर्माण 2 फेज में कराया जाएगा। इस स्टेडियम में 11 क्रिकेट पिच, 2 प्रैक्टिस ग्राउंड, एक क्रिकेट एकेडमी के अलावा हॉस्टल, पार्किंग, स्पोर्ट्स क्लब, होटल और जिम की आदि सुविधाएं होंगी, जो इंटरनेशनल लेवल की होगी।

**9 साल से अटका है जमीन का मामला**

जयपुर में आरसीए को जमीन देने का मामला पिछले 9 साल से अटका पड़ा था। अशोक गहलोत जब साल 2008-13 तक मुख्यमंत्री थे। तब यह जमीन देने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। साल 2014 में जमीन का अलॉटमेंट भी हो गया था, लेकिन बाद में आरसीए में विवाद होने के बाद जमीन का अलॉटमेंट कैंसिल हो गया था। इसके बाद जब आरसीए में वैभव गहलोत अध्यक्ष बने। तब वापस जमीन लेने का प्रोसेस शुरू किया। आखिरकार आज जमीन अलॉट हो गई। यह जमीन डीएलसी रेट की 30 प्रतिशत कॉस्ट पर दी गई है।

# देवथला में 5100 पौधे लगाकर किया अभियान का शुभारम्भ

शाहपुरा (हमारा वतन) शाहपुरा विधानसभा स्थित ग्राम पंचायत देवथला में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ 5100 पौधों का पौधारोपण कर किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी , गोविंदगढ़ डिप्टी संदीप सारस्वत ने अपने कर कमलों से पेड़ लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया ।

अतिथियों ने कहा की लक्ष्य बड़ा लिया है ,सभी का सहयोग जरूरी है । हम सभी को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ जरूर लगाने चाहिए । पूर्व जिला परिषद सदस्य जयपुर हनुमान सहाय दुसाद ने कहा कि मनरेगा,युवा साथियों और सभी ग्रामीणों के सहयोग से 75 दिन में हमारा 1 लाख पौधे लगाने का संकल्प जरूर पूरा होगा । सभी ग्राम पंचायतों को पेड़ लगाने की शुरुआत करनी चाहिए । इससे पूर्व सभी अतिथियों का सरपंच कोयली देवी दुसाद एवं सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सहाय दुसाद ने माला और साफा पहनाकर कर सम्मान किया गया ।

इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी सुनीता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा, संस्कृत छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा ,डीसीसी सदस्य गोगराज देवन्दा, ग्राम विकास अधिकारी रामबाबू जांगिड़, कनिष्ठ सहायक चंपा देवी, बालक दास जी महाराज ,सरपंच प्रतिनिधि शंकरलाल कंवरपुरा, उपसरपंच निवाना धन्ना राम कुमावत, डॉ एनसी निठारवाल, डॉ कृष्ण गोपाल चिकित्सा अधिकारी धानोता ,रविंद्र शर्मा, उपसरपंच देवथला सांवरमल वर्मा व समस्त वार्ड पंच गण व ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया ।





## जनसेवा फाउंडेशन ने डॉक्टर्स डे पर रक्तदान कर किया डॉक्टर्स का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) जनसेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में मोरीजा रोड स्थित जाग्रति हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर एवं डॉक्टर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जनसेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष जीएसएस तंवर ने कहा कि कोरोना काल में कई डॉक्टर्स ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों का उपचार किया है । हमारा भी फ़र्ज़ बनता है कि उनका सम्मान करें ।

डॉ. दीपिका बराला, डॉ. मुखराम डेबंदा, डॉ. अनुराग कर्मवीर, डॉ. हरि बल्लभ सैनी, डॉ. रवि कुमावत, डॉ. राहुल कुमावत, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. चंद्र प्रकाश सैनी, डॉ. लाल चंद शर्मा आदि का सम्मान किया गया ।

इस दौरान 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया । अतिथियों ने सभी रक्तवीरों कि हौसला अफजाई की । सम्मान स्वरुप प्रशस्ति पत्र और हेलमेट सभी रक्तदाताओं को प्रदान किए गए । कार्यक्रम में जन सेवा फाउंडेशन के सचिव शंकर लाल यादव, कार्यक्रम संयोजक अनुज आत्रेय, चंद्र मोहन सैनी ,ओम प्रकाश सैनी, शरद शर्मा ,मनीष शर्मा ,रवि गुरु, सुभाष चंद सैनी, विनय कंक्रीट, उत्तम गोठवाल ,सुरेश सैनी, महेश, राहुल ,कानाराम ,रोहित,बद्रीनारायण सैनी आदि लोग उपस्थित रहे ।

# विधायक रामलाल शर्मा का कौशल कुमार योगी ने जताया आभार

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं निवासी कौशल कुमार योगी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का चौमू नगर प्रभारी बनाए जाने पर चौमूं विधायक और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया ।

विधायक को माला, साफा और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत का भी आभार व्यक्त किया गया ।

इस दौरान राजस्थान नाथ समाज के प्रचार मंत्री बनवारी लाल योगी, शिक्षा मंत्री महेश योगी, कोषाध्यक्ष पवन योगी, मुकेश कुमार योगी भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष चौमू तहसील, राजेश चोपड़ा भाजपा नगर महामंत्री, शंकर यादव, निलेश कुमावत, अभिषेक सेन ,कानाराम सैनी, दीपक कुमावत, राकेश योगी, चोमू तहसील राजस्थान नाथ समाज ,हेमंत योगी आदि लोग मौजूद रहे ।





## राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ के जन्मदिन पर हुए विभिन्न सेवा कार्य

जयपुर (हमारा वतन) टीम इन्द्र वशिष्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र वशिष्ठ के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा कार्य संपन्न हुए । चौमूं विधानसभा के टांकरडा स्थित मणिदीप विष्णु माया मंदिर के महंत योगेंद्रचार्य महाराज के सानिध्य में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए ।

राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गायों को हरा चारा खिलाया, हनुमान जी के मंदिर में दर्शन कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की ।

इस दौरान टीम जीवनदाता ग्रुप के अध्यक्ष शंकर लाल प्रजापत, पंडित रामस्वरूप शर्मा,सोहन चौधरी, बजरंग चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## बिजली बिलों को लेकर कांग्रेस सरकार पर बरसे भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा

जयपुर (हमारा वतन) भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार को किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि राजस्थान की सरकार अपने आप को किसानों की हितैषी बताती है और हमेशा दावा इस बात का करती आई है कि हम किसानों के हित में काम कर रहे हैं लेकिन वास्तविकता के अंदर इनका ढाई सालों में ऐसा एक भी काम नहीं है जो किसानों के हित में हो। कोढ़ में खाज करने का प्रयास कांग्रेस सरकार ने किया है और वो इस प्रकार से किया है कि एक तरफ से जनता कोविड से लड़ाई लड़ रही है और दूसरी तरफ अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के बिजली के बिलों के अंदर जो वृद्धि की गई है, वो उस वृद्धि की मार किसान झेल ही रहे हैं लेकिन अब साथ में किसानों की लाखों रुपए की वीसीआर भरी जा रही है। वो भी एक तरीके से दंश का काम कर रही है।



मैं चाहूंगा कि राजस्थान की सरकार जो अवैध रूप से वीसीआर भरी जा रही है और जो टारगेट बेस पर वीसीआर भरी जा रही है, उन वीसीआर को तत्काल बंद करें और जो पहले मीटर जल जाते थे उसको बदलवाने के लिए 650 रुपयों की लागत लगती थी परन्तु अब किसान से मीटर जल जाने पर 2500 रुपये वसूलने का काम भी कर रहे हैं और कई प्रकार के चार्जेज अप्रत्यक्ष रूप से लगाने का काम भी सरकार कर रही है। मैं चाहूंगा कि राजस्थान सरकार किसानों को अपना हितैषी बताते आई है, लेकिन कम से कम हितैषी होने का एक काम तो करें ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाना ही सर्वोच्च प्राथमिकता- खाचरियावास

जयपुर (नि.सं.)। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विभाग की योजनाओं, नवाचारों और बजट घोषणाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। खाचरियावास ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए परिवहन सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। खाचरियावास ने कहा कि परिवहन विभाग जनता से जुड़ा विभाग है। ऑटो रिक्शा, मिनी बस, निजी बस संचालकों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। स्टैज कैरिज और कॉन्ट्रैक्ट कैरिज को टैक्स के प्रस्ताव की फाइल वित्त विभाग को भेजी गई हैं।

खाचरियावास ने कहा कि कोविड-19 की विषम परिस्थितियों में भी विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के जनहित के प्रयास सराहनीय रहे। परिवहन विभाग का कार्य राजस्व एकत्रित करना ही नहीं, बल्कि जनकल्याण में परिवहन सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाना भी हैं।

खाचरियावास ने कहा कि राज्य में वाहन चालकों के सुरक्षित सफर के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कई नवाचारों के लिए विचार-विमर्श किया गया है, वे जल्द ही नजर आयेंगे।

## वृद्धाश्रम संचालन हेतु 'समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के क्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जयपुर के जामडोली और अजमेर के पुष्कर में स्थित वृद्धाश्रमों के संचालन हेतु 'अपना घर' संस्था के साथ 'समझौता ज्ञापन' (मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गये। शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. समित शर्मा, की उपस्थिति में निदेशक सामाजिक न्याय व अधिकारिता ओपी बुनकर एवं संस्था के प्रतिनिधियों ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। शासन सचिव ने बताया कि जामडोली स्थित महिला वृद्धाश्रम की आवासीय संख्या अब 25 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है तथा पुष्कर स्थित वृद्धाश्रम की संख्या 25 से बढ़ाकर 50 कर दी गई है।

## जॉब्स

1. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद नाविक जीडी, नाविक डॉमेस्टिक, डीबी यांत्रिक, पद संख्या 350, अंतिम तिथि 16 जुलाई 2021
2. इंडियन कोस्ट गार्ड, पद जीडी और टेक्निकल, पद संख्या 50, अंतिम तिथि 14 जुलाई 2021
3. बिहार स्वास्थ्य विभाग स्टेट हेल्थ सोसायटी, पद एएनएम, पद संख्या 8853, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2021
4. भारतीय डाक विभाग बिहार, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 4368 अंतिम तिथि 14 जुलाई 2021
5. नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, पद एलडीसी, यूडीसी, स्टेनो व अन्य, पद संख्या 126, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2021
6. इंडियन नेवी, पद एसएससी ऑफिसर आईटी, पद संख्या 45, अंतिम तिथि 16 जुलाई 2021
7. इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च, पद ड्राइवर, साइंटिफिक ऑफिसर, टेक्निकल ऑफीसर, स्टेनोग्राफर, यूडीसी कैंटीन,अटेंडेंट व अन्य, पद संख्या 337, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2021
8. वाईजेग स्टील प्लांट, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 319, अंतिम तिथि 17 जुलाई 2021

# आलिया भट्ट ने शेयर किया ग्लैमरस फोटोशूट, ब्लैक एंड व्हाइट अंदाज देख क्रेजी हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट बीते काफी दिनों से फिल्म की शूटिंग में बिजी थीं। इस दौरान वो सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ भी खूब एक्टिव रहीं। वहीं हाल ही में काम से लौट कर आलिया ने अपने सोशल एकाउंट पर बेहद ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। आलिया भट्ट इस तस्वीर में ब्लैक एंड व्हाइट अंदाज में दिखाई दे रही हैं। उनका ये अवतार फैंस को खूब पसंद आ रहा है। यही कारण है कि आलिया की ये तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। **आलिया का सिजलिंग अंदाज**-आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। दोनों तस्वीरों में आलिया ब्लैक एंड व्हाइट अवतार में दिखाई दे रही हैं। आलिया इस फोटोशूट के दौरान सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में आलिया गोल्डन ईयरिंग्स पहने, व्हाइट ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। आलिया का ये अंदाज लोगों को खूब इंप्रेस कर रहा है। **आलिया ने कैप्शन में जाहिर की खुशी**-इन फोटोज तो शेयर करते हुए आलिया ने कैप्शन में काम पर लौटने की खुशी जाहिर की है। उन्होंने लिखा- प्रिय #postpackupshot तुम्हारी बहुत याद आएगी। काम पर वापस लौट कर खुद को कितनी खुशकिस्मत और आभारी महसूस कर रही हूं। आलिया के इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ कई सेलेब्रिटीज की तारीफें मिल रही हैं।



# साल भर में आपकी प्रोडक्टिविटी 11 दिन तक कम कर सकता है पीठ का दर्द जानिए क्या हो सही उपचार

पीएलओएस वन में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि पीठ के निचले हिस्से की चोट वाले लोग साल में 11 दिन काम करने से चूक जाते हैं। इसकी वजह है उन्हें बेहतर उपचार न मिल पाना। यूटा स्वास्थ्य और एमडी गाइडलाइन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन के अनुसार, पीठ के निचले हिस्से में चोट से दर्द सहन करने वाले की चोट वाले लोग एक वर्ष में 11 और दिन काम करने से चूक जाते हैं, जब उनकी पीठ के निचले हिस्से में होने वाले दर्द का ठीक से उपचार नहीं हो पाता। जबकि जिन्हें सही उपचार मिल पाता है, उनकी प्रोडक्टिविटी ज्यादा बेहतर होती है।

**क्या कहता है अध्ययन**-इस अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल पब्लिक लाइब्रेरी ऑफ साइंस (पीएलओएस) वन में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक और एम.डी., यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा रॉकी माउंटेन सेंटर फॉर ऑक्यूपेशनल एंड एनवायर्नमेंटल हेल्थ के निदेशक कर्ट हेगमैन कहते हैं, जिन लोगों की देखभाल साक्ष्य-आधारित दिशानिर्देशों से की जाती है, उनकी उतनी ही तेज़ी से पीठ दर्द ठीक होता है। 1. अध्ययन में शामिल लगभग 60,000 लोगों में से 65 प्रतिशत लोगों ने पीठ के निचले हिस्से में दर्द के लिए बिना दिशानिर्देशों के न्यूनतम उपचार प्राप्त किए। जबकि 14 प्रतिशत ने केवल गैर-दिशानिर्देशों के उपचार प्राप्त किया, 2. 51 प्रतिशत ने गैर- दिशानिर्देशों और दिशानिर्देशों से उपचारों का मिश्रण प्राप्त किया, 3. 14 प्रतिशत ने केवल दिशानिर्देशों से उपचार प्राप्त किया, 4. और 21 प्रतिशत को कोई चिकित्सीय हस्तक्षेप नहीं मिला

**क्या रहे परिणाम**-गैर-दिशानिर्देशों के उपचारों के साथ संयुक्त रूप से अनुशंसित उपचार प्राप्त करने वाले लोगों ने एक मध्यवर्ती लाभ देखा। विशेष रूप से दिशानिर्देशों से उपचार प्राप्त करने वालों की तुलना में वर्ष के



भीतर आठ कार्यदिवसों का औसत गायब था। सबसे आम गैर-दिशानिर्देशों के उपचार ओपिओइड के लिए नुस्खे थे, जिन्हें हतोत्साहित किया जाता है। क्योंकि वे व्यायाम के बजाय दुर्बलता को मजबूत करते हैं और उनसे नशे की लत हो सकती हैं और एक्स-रे, जिससे गलत निदान हो सकता है। सबसे आम दिशानिर्देशीत उपचार गैर-स्टेरायडल एंटी इन्फ्लामेटरी दवाएं और मांसपेशियों को आराम देने वाले थे। डेटा कैलिफोर्निया के श्रमिकों के मुआवजे के दावों से 2009 से 2018 के बीच उन कर्मचारियों से आया था, जिन्हें सीधी, तीव्र पीठ के निचले हिस्से में दर्द या तनाव था, जो कार्यस्थल में सबसे अधिक प्रचलित चोट थी।

# आलेख



-डॉ. विजेंद्र कुमार सैनी
(एमडी डर्मेटोलॉजी) त्वचा रोग विशेषज्ञ
कॉस्मोडर्मा क्लिनिक
झोटवाड़ा, जयपुर
कंसलटेंट डर्मेटोलॉजिस्ट
मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ0 विजेंद्र कुमार सैनी ने बताए मानसून में त्वचा रोगों से बचाव के उपाय

मानसून में उमस भरे मौसम से त्वचा में कुछ संक्रामक व गैर संक्रामक रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। कुछ सामान्य सावधानियों से इनसे बचा जा सकता है। कुछ संक्रामक रोग जिनकी प्रबलता मानसून में बढ़ जाती है - दाद, रिंगवर्म, इम्पेटाइगों, भभूती (Pityriasis Versicolor), एरिथ्रेज्मा (बगल का काला होना), फोड़े-फुंसी आदि। कुछ गैर संक्रामक रोग जिन की प्रबलता बढ़ जाती है - चेहरे पर मुंहासे, बाल झड़ना, मिलीरिया (घमोरियां), सनबर्न आदि।

**मानसून में विशेष ध्यान रखें**

प्रतिदिन स्नान से पहले सरसों या नारियल तेल की सामान्य मसाज करें व नहाकर साफ तौलिए से त्वचा को पौंछना चाहिए। कपड़े पहनने से पूर्व पंखा चला कर शरीर को नमीमुक्त करना चाहिए। घर से बाहर निकलने से पूर्व सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें या वस्त्र पूरी आस्तीन के पहने ताकि धूप से बचाव हो सके। विटामिन सी युक्त फल जैसे मौसमी, संतरा, अंगूर, अन्नानास, नींबू इत्यादि का सेवन नियमित आहार के साथ करें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीना चाहिए ताकि शरीर का निर्जलीकरण नहीं हो।

**मानसून में इनसे बचना चाहिए**

वसायुक्त गर्म खाद्य पदार्थ का सेवन ना करें। कसे हुए मोटे वस्त्र नहीं पहने। कठोर साबुन का इस्तेमाल नहीं करें। इस तरह से त्वचा रोगों से बचा जा सकता है।

# प्रियंका चोपड़ा
## एक इंस्टा पोस्ट से कमाती हैं 3 करोड़, टॉप सिलेब्स की कमाई जान उड़ जाएंगे होश



इंस्टाग्राम की रिचलिस्ट जारी कर दी गई है। इस लिस्ट में बताया गया है कि दुनियाभर के सिलेब्रिटीज अपनी एक पोस्ट के बदले इंस्टा से कितनी कमाई करते हैं। इस लिस्ट में बॉलिवुड से इकलौती प्रियंका चोपड़ा शामिल हैं। पूरी दुनिया में बॉलिवुड और हॉलिवुड सिलेब्रिटीज सोशल मीडिया पर काफी पॉप्युलर होते हैं। इसी तरह इंस्टाग्राम पर कुछ सिलेब्स के करोड़ों फॉलोअर्स होते हैं। ये सिलेब्रिटीज इंस्टाग्राम के जरिए केवल अपने फोटो और वीडियो ही शेयर नहीं करते हैं बल्कि पैसा भी कमाते हैं। अब इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाले सिलेब्रिटीज की लिस्ट जारी की है। जानें, कौन सिलेब्रिटीज कितनी मोटी फीस करता है वसूल।

**लिस्ट में टॉप पर हैं फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो**-इंस्टाग्राम रिच लिस्ट में सबसे ऊपर हैं मशहूर पुर्तगाली फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो। रोनाल्डो के दुनियाभर में फैन्स हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 29 करोड़ 59 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। रोनाल्डो एक इंस्टा पोस्ट के लिए करीब 12 करोड़ रुपये वसूलते हैं।



**इंडिया से टॉप पर हैं विराट कोहली**-भारतीय क्रिकेट टीम के कैप्टन विराट कोहली इस लिस्ट में इंडिया के सबसे ज्यादा इंस्टाग्राम से कमाई करने वाले सिलेब्रिटी हैं। वह इस लिस्ट में 19वें नंबर पर हैं। विराट कोहली एक पोस्ट के बदले लगभग 5 करोड़ रुपये से ज्यादा लेते हैं। **बॉलिवुड में टॉप पर हैं प्रियंका चोपड़ा**-रिच लिस्ट में बॉलिवुड की बात करें तो इसमें सबसे ऊपर प्रियंका चोपड़ा का नाम आता है। प्रियंका इस लिस्ट में 27वें नंबर पर हैं। प्रियंका चोपड़ा अपनी एक इंस्टाग्राम पोस्ट के लिए करीब 3 करोड़ रुपये लेती हैं।








दूसरा टेस्ट 12-16 अगस्तः लॉर्ड्स, लंदन

# भारत के खिलाफ रोटेशन नहीं करेगा इंग्लैंड
## जो रूट ने कहा-अगले 10 टेस्ट बेहद अहम, पहले रोटेशन इसलिए किया ताकि इन मैचों के लिए सब फिट रहें

नई दिल्ली। इस साल फरवरी-मार्च में भारत दौरे पर आई इंग्लैंड क्रिकेट टीम को अपनी रोटेशन पॉलिसी के कारण काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। इंग्लैंड ने भारत में खेली गई टेस्ट सीरीज में कई खिलाड़ियों को रोटेट किया था। लेकिन, अब इंग्लिश कप्तान जो रूट का मानना है कि रोटेशन का दौर खत्म हो गया है।इंग्लैंड को अगस्त-सितंबर में भारत के खिलाफ और उसके बाद दिसंबर-जनवरी में इंग्लैंड के खिलाफ 5-5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। रूट ने कहा-पहले हमने रोटेशन इसलिए किया था ताकि इन मुकाबलों के लिए सभी खिलाड़ी फिट रहें। जो रूट ने कहा कि भारत के साथ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे दौर की शुरुआत हो रही है। इस बार वे फाइनल मुकाबला टीवी पर देखने की बजाय खुद इसमें शरीक होना चाहेंगे। इसके लिए जरूरी है कि अगली दो सीरीज (भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन करे। दूसरी WTC में इंग्लैंड को कुल 21 मैच खेलने हैं। इसके करीब आधे मुकाबले भारत और ऑस्ट्रेलिया खिलाफ होने वाली सीरीज में हो जाएंगे।


**मजबूत टीम उतारेगा इंग्लैंड**-रूट ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज में इंग्लैंड की कोशिश होगी कि अपनी सबसे मजबूत टीम उतारी जाए। हालांकि, यह खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी निर्भर करेगा। रूट ने कहा कि भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके खिलाफ बेस्ट रिसोर्स को आजमाना होगा। रूट ने हालांकि यह नहीं बताया कि रोटेशन पॉलिसी खत्म करना उनकी अपनी इच्छा है या इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से उन्हें इसके संकेत मिले हैं।

# भारतीय महिला तैराक माना पटेल ने कटाया टोक्यो ओलंपिक के लिए टिकट

नई दिल्ली। भारतीय महिला तैराक माना पटेल ने टोक्यो ओलंपिक के लिए अपना टिकट कटवा लिया है। माना को विश्वविघालय के कोटे के तहत ओलंपिक खेलों में जगह मिली है। भारतीय तैराकी फेडरेशन ने इस बात की जानकारी दी है। माना जापान में होने वाले टोक्यो ओलंपिक में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में हिस्सा लेंगी। वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी भारतीय तैराक हैं। श्रीहरि नटराज और साजन प्रकाश ने हाल में ओलंपिक क्वालीफिकेशन टाइमिंग (ओक्यूटी) में ए स्तर हासिल करके क्वालीफाई किया था। विश्वविद्यालय कोटा से किसी एक देश के एक पुरुष और एक महिला प्रतिस्पर्धी को ओलंपिक में भाग लेने का मौका मिलता है बशर्ते उस देश के किसी अन्य तैराक ने उस वर्ग (पुरुष या महिला) में क्वालीफाई नहीं किया हो या ओलंपिक चयन समय (बी) के आधार पर इंटरनेशनल तैराकी महासंघ (फिना) से निमंत्रण हासिल नहीं किया हो। माना ने ओलंपिक्स.कॉम से बातचीत करते हुए कहा, यह शानदार अहसास है।



# सलमान बट ने बताया, कैसे आईपीएल 2021 से होगी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद अब टी-20 वर्ल्ड कप को भी यूएई शिफ्ट कर दिया गया है। आईपीएल 2021 के खत्म होने के तुरंत बाद ही टी-20 विश्व कप की शुरुआत होगी। आईसीसी ने इस बात का ऐलान किया था कि टी-20 वर्ल्ड कप 17 अक्टूबर से यूएई और ओमान में खेला जाएगा और टूर्नामेंट का फाइनल मैच 14 नवंबर को होगा। कई क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप को देखते हुए अपने खिलाड़ियों को आईपीएल के दूसरे फेज में हिस्सा लेने की परमिशन देने से साफ इनकार कर दिया है। हालांकि, वर्ल्ड कप के यूएई शिफ्ट होने के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलमान बट का मानना है कि आईपीएल 2021 इस इंटरनेशनल टूर्नामेंट की तैयारियों के लिए एक अच्छा प्लेटफॉर्म साबित हो सकता है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए सलमान बट ने कहा, आईपीएल भी टी-20 वर्ल्ड कप से पहले होगा, तो भारतीय खिलाड़ी भी वहां पर खेलेंगे।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# मांग कम, फिर महंगाई क्यों?

अर्थशास्त्र का यह सामान्य नियम है कि जब बाजार में मांग होती है, तब महंगाई बढ़ती है। पर मांग न होने के बावजूद यदि कीमतें आसमान छू रही हों, तो उसकी एक बड़ी वजह तंत्र की गड़बड़ी मानी जाती है। और, यदि मंशा कीमतें बढ़ाकर अर्थव्यवस्था



राम गोपाल सैनी

को संभालना हो, तो चढ़ती महंगाई मांग कम कर देती है, जिससे अर्थव्यवस्था का नुकसान ही होता है। भारत में फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। कोरोना से ध्वस्त हो चुके भारतीय बाजार में मांग काफी कम हो गई है, फिर भी यह बेहिसाब महंगाई से जूझ रहा है। खाने के तेल से लेकर दाल, सब्जियां, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, दूध जैसी तमाम रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। इसकी सबसे ज्यादा मार असगंठित क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ी है, जिनकी हिस्सेदारी भारतीय श्रम-बल में लगभग 94 फीसदी है। आंकड़े बताते हैं कि मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.3 फीसदी हो गई, जबकि अप्रैल में यह 4.23 फीसदी थी। थोक महंगाई दर भी अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई (12.94 फीसदी) पर है। चूंकि थोक मूल्य का असर उपभोक्ता मूल्य पर पड़ता है और पिछले मार्च से ही थोक मूल्य में तेजी दिख रही है, इसका मतलब है कि आने वाले महीनों में भी उपभोक्ताओं को शायद ही राहत मिल सके। हालांकि, महंगाई दर गिरने का अर्थ यह नहीं होता कि वस्तुओं के दाम कम हो रहे हैं। इसका मतलब होता है, कीमत बढ़ने की उसकी रफ्तार कम हो रही है। बहरहाल, सवाल यह है कि जब बाजार में मांग बहुत कम है, तब दाम क्यों चढ़ रहे हैं? इसकी कई वजहें हैं। सबसे बड़ा कारण तो आपूर्ति शृंखला का कमजोर होना है। कहा जा रहा है कि फसल वर्ष 2020-21 में देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और 2.66 फीसदी की वृद्धि के साथ यह रिकॉर्ड 30.5 करोड़ टन की ऊंचाई पर पहुंच गया है। इस रिकॉर्ड पैदावार के बावजूद यदि खाद्यान्न के मूल्य चढ़ रहे हैं, तो साफ है कि बाजार में उनकी पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो रही। यही हाल फल और सब्जियों का है, जिनके बारे में कयास हैं कि जमाखोरों द्वारा भंडारण किए जाने से यह स्थिति पैदा हुई है।



# विराज फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण समारोह संपन्न

चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन द्वारा चौमूँ रेलवे स्टेशन, श्याम कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर में विशाल वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत जाहोता के युवा सरपंच श्याम प्रताप सिंह राठौड़ रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने की । विशिष्ट अतिथि रजनी राहुल शर्मा एवं संदीप शर्मा रहे । विराज फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. गोपाल भारद्वाज चेतावाला ने बताया विराज फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा श्याम मंदिर में वृक्षारोपण करके उनकी देखरेख व रखरखाव की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई । इसी के साथ फाउंडेशन द्वारा 101 पौधे वितरण किए गए। साथ ही उन पेड़ों की रक्षा का संकल्प उपस्थित लोगों को दिलाया गया । कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) सी एम सैनी, प्रदेशाध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ) हरिओम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) अजय कुमार शर्मा, प्रदेश महासचिव (शिक्षा प्रकोष्ठ) चंद्र प्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश दीक्षित, जिला संगठन मंत्री रामस्वरूप शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, ओमवीर सिंह, जसवंत सिंह, दिलीप सिंह, जोगेंद्र सिंह, ममता दीक्षित, सुमन शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुधारानी सोनी, सोनाली सैनी चेतना शर्मा, अमित कुमार शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में रीड की हड्डी का हुआ बिना ऑपरेशन सफल इलाज



जयपुर (हमारा वतन) शहर के जयपुर रोड गणेश विहार दितीय में स्थित जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल में रीड की हड्डी का बिना ऑपरेशन सफल इलाज किया गया । हॉस्पिटल निदेशक डॉक्टर आरके सैनी ने बताया कि कमलपुरा खेजरोली निवासी मालीराम यादव पुत्र ईश्वर लाल यादव के एक 2 साल से रीड की हड्डी में L4 L5 L5 S1 डिस्क की समस्या थी जिसकी वजह से वह आसानी से चल फिर और अपना दैनिक कार्य नहीं कर पा रहे थे। इन्होंने जयपुर के कई डॉक्टर को दिखाया वहां पर इनको ऑपरेशन की सलाह दी गई क्योंकि ऑपरेशन जोखिम भरा होने के कारण एवं आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं होने से यह ऑपरेशन के पक्ष में नहीं थे । फिर इनके परिचित से इनको जयपुर हेल्थ केयर हॉस्पिटल के बारे में पता चला और यह यहां पर आए और यहां पर 20 दिन इलाज लिया जिसके बाद अब यह पूरी तरह ठीक है और आराम से चल फिर पा रहे हैं ।

डॉक्टर सैनी ने बताया कि इनका इलाज आधुनिक न्यूरोफिजियोआयुर्वेदा थेरेपी द्वारा किया गया जिससे रीड की हड्डी से दबी हुई नस को बिना ऑपरेशन ही नस का दबाव हटाया गया । यह थेरेपी लकवा, रीड की हड्डी से संबंधित रोगों, घुटनों के दर्द, बच्चों की अपंगता में बहुत ही कारगर है ।



# श्री फाउंडेशन की तरफ से पूर्व विधायक सैनी ने गौशाला में भिजवाया चारा

चौमूं (हमारा वतन) शहर के प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर के पास स्थित पशुपतिनाथ गौशाला में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने पिताजी स्व तेजाराम सैनी की 15 वी पुण्यतिथि पर श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में एक सूखे चारे की पिकअप गाड़ी भेजी ।

इस मौके पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने चारे की पिकअप गाड़ी को पशुपतिनाथ गौशाला के लिए रवाना किया। नगरपालिका चैयरमेन विष्णु कुमार सैनी भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने पिताजी की 15वीं पुण्यतिथि पर अपने निवास स्थान पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इस अवसर पर श्री फाउंडेशन की ओर से बेजुबान पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई। नगरपालिका चेयरमैन विष्णु सैनी ने ने कहा कि बेजुबानों की सेवा करना मानवता का धर्म है। इस दौरान पूर्व विधायक की धर्मपत्नी सोनी देवी, पौत्र ध्रुव सैनी और श्री फाउंडेशन के संयोजक डॉ सुरेश कुमार सैनी भी मौजूद रहे।

# वृक्षमित्र ने वैक्सीन लगाने के लिए लोगो से की अपील

उत्तराखंड (हमारा वतन) वैश्विक महामारी कोरोना से जहां परी दुनियां का जीवन असुरक्षित हुआ है वही भारत भी इससे अछूता नही है । ऐसी संकट की घड़ी में जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाई है जो हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता हैं। कोरोना बीमारी से बचाने के लिए सभी का दायित्व है वे वैक्सीन लगाये।



जन जन से वैक्सीन लगाने की अपील करते हुए पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि इस कोरोना महामारी से जीवन असुरक्षित हो गया है और मानव जीवन सीमिट कर रह गया है । ऐसे समय में वैक्सीन हमारे लिए जीने की एक नई किरण बनकर आई हैं। डॉ सोनी ने कहा मैं भी इस कोरोना से संक्रमित हो गया था दिमाग में यह तनाव रहा कि मैंने वैक्सीन नही लगाई हैं । इस तनाव से मुक्त होने के लिए वैक्सीन जरूर लगाएं। 2 माह बीतने के बाद मैंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सत्यों (सकलाना) टिहरी गढ़वाल में कोविशिल्ड वैक्सीन लगाई ।

मेरा क्षेत्र, प्रदेश व देश के सभी युवाओं, नौजवानों व बुजुर्गों से अनुरोध हैं कि सरकार द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क वैक्सीन लगाई जा रही हैं । अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपनो व अपने आस पास के लोगो की वैक्सीन लगाने में मदद करें तभी हम व हमारा परिवार, गांव, क्षेत्र, प्रदेश व देश के लोग सुरक्षित रहेंगे।

डॉ आदित्य पोखरियाल ने कहा लोगों में वैक्सीन लगाने की काफी उत्सुकता हैं। वैक्सीन लगाने में कल्पना कुमारी स्टाफ नर्स, रेखा एएनएम, पिंकी आंगनवाड़ी कार्यकर्ती आदि रही ।

# पुत्री के विवाह में की एक नई पहल



चौमूं (हमारा वतन) चौमू निवासी स्व.नन्दशोर गरेड की पुत्री के विवाह में नई सोच व नई पहल के साथ लगन टीका के कार्यक्रम में जवाई, समधियों व सभी रिश्तेदारों को पौधे देकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया । पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने शादी समारोह में आने वाले सभी लोगों से अपील की कि आप भी पौधे देकर एक नई शुरुआत करें, जिससे आने वाले समय में पुनः ऑक्सीजन इत्यादि की समस्याएं पैदा ना हो । वैवाहिक कार्यक्रम में राज शेरावत, गुरु भाई, प्रवीण गरेड, बब्बन चौधरी सहित अनेको गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा